20- Dec -JASHPUR-BHOOMI-pg-1_Layout 1 12/20/2023 7:48 PM Page 1

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 21 दिसंबर 2023

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान

अधिकतम 14.2 डिग्री

न्यूनतम 6.2 डिग्री

4 सड़कों पर लावारिस घूम रहा बचपन, बच्चों को मूलधारा में लाने गंभीर नहीं विभाग



## जशपुरिया ठंड शबाब पर, तापमान गिरकर पहुंचा 6 डिग्री से नीचे



**जशपुरनगर।** नगर का तापमान दिन ब दिन नीचे गिरते जा रहा है। रात का तापमान गिरकर 5.5 डिग्री पर आ चुका है। दिन में भी उत्तर पूर्वी हवाओं के कारण गर्म कपड़ों के बावजूद ठंड का एहसास हो रहा है। धूप से भी लोगों को राहत नहीं मिल रही है। धूप में भी कंपकंपी छूट रही है राहत पाने के लिए धूप में भी गर्म कपड़ों सहारा लेना पड़ रहा है। बीच बीच में छिटपुट बादल भी आसमान में दिख रहे है फिर भी ठंड में कमी नहीं आई है। दिन में धूप जितना तेज हो रहा है तीन बजते बजते धूप की गर्माहट कम होती जा रही है। रात में ओस भी बहुत ज्यादा गिरने के कारण कोहरा बना हुआ है। पहाड़ी इलाका होने के कारण दिन में भी शहर के बाहर धुंध देखा जा सकता है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले तीन चार दिन तापमान में और गिरावट आ सकती है। जशपुर से और ऊंचे पहाड़ी इलाके सन्ना, सोनक्यारी में सुबह के समय ओस की बूंदे पतली बर्फ के परत के रूप में देखा जा सकता है।

## कलेक्टर ने ली लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की बैठक

# ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की बैठक लेकर जल जीवन मिशन की समीक्षा कर ग्रामवार कार्य की जानकारी ली। साथ ही जिन ठेकेदारों के काम धीमी और संतोषप्रद नहीं है,ऐसे ठेकेदारों को नोटि जारी करने के निर्देश दिए।

- दो ठेकेदारों का कार्य आदेश निरस्त

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि 10 ग्रामों में जल जीवन मिशन के कार्य शत प्रतिशत पूर्ण हो चुके हैं और 80 _90 प्रतिशत कार्य अधिकांश गांव में कार्य प्रगति पर है। बैठक में कलेक्टर ने जिन ठेकेदारों की प्रगति अत्यंत धीमी है और संतोषप्रद नहीं है जानकारी ली एवं 18 ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

साथ ही जिनके कार्य लंबे समय से बंद है ऐसे दो ठेकेदारों का कार्य आदेश निरस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीओ पत्थलगांव को कार्य की जानकारी नहीं देने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में लोक स्वास्थ्य यंत्र की विभाग के कार्यपालन अभियंता, कुनकुरी, पत्थलगांव, कासाबेल के एसडीओ उपस्थित थे।



ठेकेदारों की बैठक लेते कलेक्टर।

## खबर संक्षेप

### विधानसभा के अभ्यर्थियों ने प्रस्तुत किया खर्च का ब्यौरा

**जशपुरनगर।** जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थियों का कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला नोडल निर्वाचन व्यय जशपुर के द्वारा अभ्यर्थियों एवं अभिकताओं का निर्वाचन व्यय लेखा से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया गया एवं व्यय लेखा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में तीनों विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक एवं लेखा दल उपस्थित थे।

### नगर पालिका को हादसे का इंतजार



**जशपुरनगर।** नगर पालिका की उदासीनता से मुख्यमार्ग जयस्तंभ के सामने एक पुराना सूखा पेड़ हादसे का कारण बन सकता सकता है। सामने इंडोर स्टेडियम में खिलाड़ियों व बगल में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में हमेशा शिक्षकों का आना लगा रहता है। इस सुखे पेड़ के जड़ों पर दीमक लग चुका है कभी भी गिर सकता है और बड़े हादसे का रूप ले सकता है। आसपास के दुकानदारों का कहना है की नगर पालिका को कई बार आवेदन देने के बाद भी सूखे पेड़ को काटने की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। लगता है नगर पालिका किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है।

### यूपी से सुरक्षित वापस लौट बंधक बनाए गए युवक

**अंबिकापुर।** यूपी के बागपत में बंधक बनाए गए मजदूर युवक आज सुरक्षित वापस लौट आए है। वापस लौटे युवकों से कलेक्टर एसपी ने मुलाकात की व उनका कुशलक्षेम पुछा। अब युवकों को उनके गृहग्राम के लिए रवाना कर दिया गया है। बता दें कि मैनपाट के सुपलगा क्षेत्र के रहने वाले पहाड़ी कोरवा युवा उत्तर प्रदेश के बागपत क्षेत्र में मजदूरी करने के लिए गए हुए थे जहां युवकों से गन्ना खेत में काम कराया जा रहा था कर काम के बदले उन्हें मजदूरी नहीं दी जा रही थी और ना ही उन्हें वापस लौटने दिया जा रहा था। ऐसे में युवकों ने वीडियो बनाकर वायरल किया था और मदद की गुहार लगाई थी। इस घटना के सामने आने के बाद शासन स्तर पर भी हड़कंप मचा और सीएम विष्णु देव साय ने युवकों की वापसी के निर्देश दिए थे जिसके बाद कलेक्टर कुंदन कुमार व एसपी सुनील शर्मा के नेतृत्व में अधिकारियों ने बागपत में अधिकारियों से बात कर बंधक बनाए गए मजदूरों को मुक्त कराया। बताया गया कि बागपत में मैनपाट के सुपलगा, पटपरिया, चिरगा के 15 युवक गए हुए थे और उनमें से पांच युवकों 19 वर्षीय रोहित, 22 वर्षीय जसमन, 20 वर्षीय संदीप, 22 वर्ष अजीत, 19 वर्षीय हरीनाथ ने वापस लौटने की इच्छा जाहिर की जिसके बाद उन्हें ट्रेन से वापस सरगुजा लाया गया।

### आईटी क्विज में कम्प्यूटर विभाग ने मारी बाजी

**अम्बिकापुर।** श्री साईं बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में डॉ. विवेक गुप्ता के निर्देशन में आयोजित आईटी क्विज प्रतियोगिता में कला एवं समाज कार्य, वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग, फिजीकल साईंस, लाइफ साईंस, शिक्षा संकाय, कम्प्यूटर एवं आईटी विभाग के विद्यार्थियों ने भागीदारी की। चार चरणों में आयोजित प्रतियोगिता में पहला चरण बहुविकल्पीय, दूसरा प्रतीक चिन्ह आधारित, तीसरा सत्य-असत्य तथा चौथा चरण रैपिड फायर आधारित रहा।

## जशपुर-सन्ना हर्रापाठ से सोनक्यारी सड़क का निर्माण कार्य प्रारम्भ



**जशपुरनगर।** जशपुर-सन्ना सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जिले के सड़क निर्माण का कार्य तेजी से करने के बाद सड़क निर्माण कार्य प्रगति में है। पीडब्ल्यूडी के उप अभियंता ने बताया कि जशपुर-सन्ना सड़क निर्माण अंतर्गत हर्रापाठ से सोनक्यारी 10 किलोमीटर की सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। सड़क निर्माण के प्रारंभ होने से क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन में सुगम होगा। उन्होंने बताया कि डब्लूएमएम, डामरीकरण, बीसी कार्य, नाली निर्माण, गार्ड वॉल, रिटेनिंग वॉल कार्य प्रगति पर है। जिसे शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। सड़क निर्माण हो जाने से क्षेत्र के लोगों को शीघ्र धूल मुक्त सड़क मिलेगा। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल निरंतर सड़क निर्माण कार्य की समीक्षा कर रहे हैं और गुणवत्ता युक्त कार्य करते हुए सड़क निर्माण कार्य को समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

- क्षेत्र के लोगों को शीघ्र मिलेगा धूल मुक्त सड़क

# खेत में ड्रोन के माध्यम से किया गया नैनो यूरिया का छिड़काव

**जशपुरनगर।** भारत संकल्प यात्रा में कृषि विभाग के माध्यम से बुधवार को जशपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत ईचकेला में कृषक श्रीमती रोमिला बेक और इनुश बैक के खेत में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव किया गया।

ईचकेला के कृषक श्रीमती बेक और इनुश बेक के 01 एकड़ खेत में सब्जी की खेती किया गया है। वहीं 10-12 मिनट में ड्रोन के माध्यम से 1 एकड में रासायनिक एवं जैविक दवा का छिड़काव किया गया है। इस दौरान ड्रोन का प्रदर्शन देखकर सभी कृषक एवं ग्रामीण उत्साहित एवं प्रसन्न हुए। राज्य शासन द्वारा एक ड्रोन आवंटित किया गया है जिसे जिले के प्रत्येक विकास खण्डों में कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शन किया जाएगा द्य ड्रोन के प्रदर्शन देखने के लिए डीडीए जशपुर एमआर भगत, जनपद सीईओ लोकहित भगत, एसएडीजी जशपुर अजित सोनवानी, विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, गांव के जनप्रतिनिधि एवं ग्राम के लगभग 250 कृषक उपस्थित थे। ड्रोन से यूरिया का छिड़काव पारंपरिक विधियों की तुलना में अधिक सुरक्षित है क्योंकि यह हवा में यूरिया के प्रदूषण को कम करता है। ड्रोन से यूरिया का छिड़काव समान रूप से होता है, जिससे फसलों को यूरिया की समान मात्रा मिलती है। इससे फसलों की बढ़त और पैदावार में सुधार होता है. इससे समय और मेहनत की बचत होती है।



ड्रोन का प्रदर्शन देखकर कृषक व ग्रामीण उत्साहित।

## सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन, वृहद जांच अभियान शुरु



**जशपुरनगर।** जिले में सिकलसेल एनीमिया एन्मूलन मिशन के तहत जांच अभियान शुरू किया गया है। अभियाान के अंतर्गत 0-40 वर्ष आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों की सिकलसेल स्क्रीनिंग कर सिकलसेल पोर्टल, मोबाईल एप्प में एण्ट्री की जानी है। सिकलसेल स्क्रीनिंग हेतु समस्त चिरायु टीम, उप स्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिविल अस्पताल, जिला चिकित्सालय, हाट बाजार, मोबाईल मेडिकल यूनिट को लक्ष्य प्रदान किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया जशपुर जिले में 0-40 वर्ष आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों की सिकलसेल स्क्रीनिंग हेतु वृहद जांच अभियान चलाया जा रहा है सिकलसेल जांच हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं हितग्राहियों के मोबिलाईजेशन के लिए पंचायत विभाग को जिम्मेदारी दी गई है।

- अभियान के प्रथम दिवस में कुल 8554 लोगों का किया गया सिकलसेल परीक्षण

# पिछड़ी जनजाति समुदाय होगा लाभान्वित

**जशपुरनगर।** जिले में पीएम-जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। इसके लिए बगीचा, मनोरा और कुनकुरी विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर पीएम जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान के तहत पीएम जनमन योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत सरकार आदिवासी समूह और जनजातीय तक पहुंचेगी जिनमें से अधिकांश लोग अब तक जंगल में रहते हैं ऐसे में इन लोगों के लिए बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के उत्थान के उद्देश्य योजना प्रारंभ की गई है। पीएम जनमन योजना का उद्देश्य- प्रधानमंत्री द्वारा पीएम जनमन योजना शुरू करने का मुख्य उद्देश्य देश की जनजाति आदिवासी समुदाय का विकास करना है,ताकि उन्हें बेहतर जीवन मिल सके। इसलिए इस योजना के माध्यम से आदिवासी जनजातियों के परिवार को सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी जैसे सड़क, दूर संचार कनेक्टिविटी, बिजली, स्वच्छ पेयजल, शिक्षा स्वास्थ्य पोषण आदि। पीएम जनजाति योजना के तहत सुविधा- विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह मिशन के तहत लगभग 28 लाख पीव्हीटीजी को दायरे में लाया जाएगा। इस मिशन के तहत आदिवासी जनजातियों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे। इस मिशन के तहत पीव्हीटीजी क्षेत्र में सड़क और टेलीफोन की सुविधा, बिजली सुविधा, सुरक्षित घर, पीने का साफ पानी, सफाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और रहने सहने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रधानमंत्री जनमन योजना पात्रता-देश के मूल निवासी आदिवासी इस योजना का लाभ ले पाएंगे और आदिवासी जनजाति पिछड़े आदिवासी योजना के लिए पात्र होंगे। शासन के निर्देशानुसार पीएम-जनमन योजना के तहत जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोगों को योजना का शत प्रतिशत लाभ देने के उद्देश्य से 22 दिसम्बर से विशेष शिविर का आयोजन पीव्हीटीजी निवासरत क्षेत्र के विकासखण्डों में किया जा रहा है। इनमें बगीचा, मनोरा और कुनकुरी विकासखण्ड के कुल 94 ग्रामों में शिविर का आयोजना किया जाएगा। जहां विकाखण्ड एवं जिला स्तर के अधिकारी पहुंचकर केन्द्र एवं राज्य सरकार की पीएम-जनमन योजना के बारे में जानकारी देकर योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही योजना के तहत के आवास, स्वच्छ पेयजल, बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, सड़क और दूरसंचार कनेक्टिविटी के साथ-साथ स्थायी आजीविका के अवसर सहित विभिन्न क्षेत्र में लाभ देने के लिए सर्वे किया जाएगा।

- पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान

## 115 बोरी अवैध धान लोड दो पिकअप जब्त

**रामचंद्रपुर।** तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व अमले ने दो पिकअप से 115 बोरी अवैध धान जब्त किया है। आरोपी समितियों में खपाने के लिए पड़ोसी राज्य झारखण्ड के ग्राम खुरी से अवैध धान परिवहन कर रहे हैं। प्रशासन की सख्ती के बावजूद कोचिए लगातार समितियों में पडोसी राज्य झारखण्ड के सीमावर्ती क्षेत्रों का धान खपा रहे हैं। सख्ती के बावजूद समिति प्रबंधकों एवं क्षेत्र के किसानों की मिली भगत से चल रहे कोचियों के इस खेल पर रोक नहीं लग पा रही है। कोचियों द्वारा जंगल के रास्ते झारखण्ड का धान खपाने की सूचना पर तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम मंगलवार को सीमावर्ती ग्राम अनिरूद्धपुर पहुंची थी। सुबह 11 बजे सीमावर्ती क्षेत्र से एक बिना नंबर का पिकअप आते देख राजस्व कर्मियों ने वाहन रोक कर जांच की तो उसमें 55 बोरी धान मिला। पूछताछ में चालक ने बताया कि वह झारखण्ड के सीमावर्ती ग्राम खुरी से धान परिवहन कर रहा है।

# संकल्प शिक्षण संस्थान में होगा निःशुल्क जेईई क्रैश कोर्स

**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन द्वारा खनिज निधि न्यास से संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में 23 दिसंबर से 01 जनवरी तक दस दिवसीय आवासीय निःशुल्क जेईई क्रैश कोर्स का आयोजन कराया जाएगा। इसमें जिले के स्थानीय निवासी विद्यार्थियों को निःशुल्क आवास एवं भोजन की व्यवस्था के साथ जेईई की तैयारी करायी जाएगी।

आगामी जेईई मेन 2023-24 की परीक्षा 24 जनवरी से 1 फरवरी एवं 1 अप्रैल से 15 अप्रैल 2024 के मध्य नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के द्वारा ली जाएगी। संकल्प जशपुर के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दस दिवसीय क्रैश कोर्स के लिए सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्राचार्यों को इस संबंध में पत्र प्रेषित कर दिया गया है। जिले के अंतर्गत संचालित विभिन्न हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों जिन्होंने जेईई मेन 2023-24 का फार्म भरा है, ऐसे 100 विद्यार्थियों को यह क्रैश कोर्स कराया जाएगा। इन विद्यार्थियों को 23 दिसंबर को प्रातः 11.00 बजे संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में अपनी उपस्थिति देनी होगी, साथ ही उन्हें जेईई मेन के भरे गए आवेदन के कन्फर्मेशन पेज की एक फोटोकॉपी भी साथ लानी होगी। संकल्प जशपुर में कई वर्षों से जेईई मेन व एडवांस की तैयारी कराई जा रही है। प्रत्येक वर्ष दर्जनों विद्यार्थी जेईई की परीक्षा क्वालीफाई करते हैं, और देश के प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों मे प्रवेश पाकर अपना भविष्य बना रहे हैं। अभी तक अकेले संकल्प के 80 से अधिक विद्यार्थी देश के विभिन्न आईआईटी और एनआईटी जैसी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश पा चुके हैं। प्रत्येक वर्ष क्रैश कोर्स के भी विद्यार्थी इस परीक्षा में क्वालीफाई करते रहे है। इस क्रैश कोर्स में अशासकीय विद्यालय के भी विद्यार्थी जो जशपुर जिले के है प्रवेश के लिए पात्र हैं।




## ईचकेला, बालाछापर, मनगई सहित अनेक ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम

# "मेरी कहानी-मेरी जुबानी" लाभार्थी सुना रहे अपनी सफलता की कहानी

**जशपुरनगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले भर में जारी है। बुधवार को जनपद पंचायत जशपुर के ग्राम ईचकेला, बालाछापर, जनपद पंचायत बगीचा के ग्राम मनगई, छिरोडीह, जनपद पंचायत कुनकुरी के ग्राम कंडोरा, बोडोकछार सहित अन्य जनपद पंचायत के 2-2 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां शिविरों में छूटे हुए लोगों से योजनाओं का लाभ दिलाने फार्म भरवाये गए।

ग्राम पंचायतों में संकल्प यात्रा पहुंची, जहां हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, इत्यादि योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपनी सफलता की कहानी भी बयां की। कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को योजनाओं की जानकारी देने एवं पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ देने के लिए विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य यह है कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को सरकार की संचालित योजनाओं से जोड़ना और उसे उससे लाभान्वित करना है। इस क्रम में लाभार्थियों को मौके पर ही विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। विशेष सूचना शिक्षा संचार- वैन द्वारा लाभार्थियों को मौके पर ही नामांकित किया जा रहा है। साथ ही आयुष्मान कार्ड भी बनाया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी स्थानों पर मोबाईल वैन का स्वागत समिति द्वारा स्वागत किया गया। वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर सभी ने विकसित भारत के लिए संकल्प लिया एवं चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की सामान्य जानकारी दी गई। वैन के माध्यम से कृषि गतिविधि, ड्रोन डेमोंस्ट्रेशन व स्वाईल हेल्थ कार्ड डेमोंट्रेशन का प्रदर्शन किया गया। यात्रा के दौरान केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके पात्र लाभार्थी मेरी कहानी-मेरी जुबानी कार्यक्रम के तहत अन्य लोगों को अपनी सफलता की कहानी सुना रहे हैं और उन्हें प्रेरित कर रहे हैं। लाभार्थी स्वयं बता रहे हैं कि उन्होंने आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, चिरायु हरियाणा योजना, परिवार पहचान पत्र के माध्यम से ऑटोमैटिक पेंशन व राशन कार्ड इत्यादि योजनाओं का किस प्रकार लाभ उठाकर अपने जीवन को आसान बनाया है। योजनाओं से संबंधित पम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित करने के साथ-साथ योजनाओं के लाभ लेने के लिए आवेदन, लाभ वितरण भी सुनिश्चित किया जा रहा है। योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हो रहे हैं। साथ ही लाभार्थियों की व्यक्तिगत सफलता की कहानियों और उपलब्धियों को साझा करने के लिए 'मेरी कहानी-मेरी जुबानी जैसे कार्यक्रम भी हो रहे हैं।




## नाबालिगों ने दिया पेट्रोल बम कांड को अंजाम, एक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** महामाया रोड स्थित एक घर में पेट्रोल बम से हमला करने में नाबालिग किशोरों के शामिल होने की बात सामने आई है। घटना को अंजाम देने वालों में से एक नाबालिग को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है जबकि घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। बता दें कि महामाया रोड निवासी 36 वर्षीय नजील उर्फ बाबू आ. स्व. खलील के घर पर 17 दिसंबर की रात अज्ञात लोगों ने पेट्रोल बम से हमला किया था। युवक के घर पर लगातार तीन पेट्रोल बम फेंके गए थे। पेट्रोल बम के धमाकों से परिवार दहशत में आ गया था जबकि क्षेत्र में भी हड़कंप मच गया था। शहर में पहली बार पेट्रोल बम जैसे हथियार से वारदात को अंजाम देने की घटना के बाद पुलिस प्रशासन भी हरकत में आई थी। युवक की शिकायत पर पुलिस द्वारा अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 336, 285, 436 के तहत अपराध दर्ज कर जांच की जा रही थी।

## खबर संक्षेप

### सामान्य से 3.4 डिग्री नीचे पहुंचा रात का पारा

**अम्बिकापुर।** ठंड से अभी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। हिमालय की बर्फीली हवाएं पहुंचने से पारा में लगातार गिरावट होने का क्रम जारी है। मंगलवार को पूरे दिन उत्तर की शर्द हवाएं चलने एवं कनकनी युक्त ठंड पड़ने के कारण मौसम अधिकारी पारा में और अधिक गिरावट होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में कड़ाके की ठंड़ पड़ रही है। सोमवार को पूरे दिन उत्तर की बर्फीली हवाएं चली, जिसमें प्रभाव से दिन के तापमान में 2.5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई थी, वहीं मंगलवार को रात के पारा में 1.3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। दिन में तापमान में भी आंशिक कमी आई है। मंगलवार को भी पूरे दिन ठंडी हवाएं चली, जिससे शाम ढलने के बाद वातावरण में कनकनी बढ़ गई, साथ ही घना कोहरा छा गया। दक्षिण भारत में सक्रिय हवा के गहन परिसंचरण के प्रभाव से ऊपरी आसमान पर बादलों की सक्रियता अभी भी जारी है। मौसम अधिकारी एक-दो दिन बाद पछुआ विक्षोभ का प्रभाव से आसमान पर बादलों की सक्रियता बढ़ने एवं बुधवार को घना कोहरा छाने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। तापमान में गिरावट होने का क्रम इसी तरह जारी रहा तो एक-दो दिन में शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में शीत लहर की स्थिति निर्मित हो सकती है।

### शराबी ट्रक चालक ने एनएच 43 पर मचाया उत्पात

**सेदम/बतौली।** शराब के नशे में धुत्त ट्रक चालक ने आज एनएच 43 पर जमकर उत्पात मचाया। शराबी चालक ने थ्रेसर, बाइक सवार को टक्कर मारने के साथ ही एक छात्रा को भी टक्कर मारकर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा चालक को गिरफ्तार करने के साथ ही ट्रक को जब्त कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह ट्रक क्रमांक जेएच 11-8593 सीतापुर की ओर से आ रहा था। इस दौरान ट्रक चालक ने पहले सेदम में एक थ्रेसर को टक्कर मारा। थ्रेसर को टक्कर मारने के बाद चालक वाहन लेकर फरार हुआ और भागते समय उसने बतौली में एक बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया इसके साथ ही उसने एक छात्रा को भी टक्कर मार दी। इस घटना में छात्रा को चोटें आई है। गनीमत है कि ट्रक की चपेट में आने से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। घटना की जानकारी मिलने के बाद बतौली पुलिस द्वारा चालक को हिरासत में लिया गया। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि चालक शराब के नशे में धुत्त था। पुलिस द्वारा मामले में धारा 279, 337 के तहत कार्रवाई की गई है।

### आईटी क्विज में कम्प्यूटर विभाग ने मारी बाजी

**अम्बिकापुर।** श्री साईं बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में डॉ. विवेक गुप्ता के निर्देशन में आयोजित आईटी क्विज प्रतियोगिता में कला एवं समाज कार्य, वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग, फिजीकल साईंस, लाइफ साईंस, शिक्षा संकाय, कम्प्यूटर एवं आईटी विभाग के विद्यार्थियों ने भागीदारी की। चार चरणों में आयोजित प्रतियोगिता में पहला चरण बहुविकल्पीय, दूसरा प्रतीक चिन्ह आधारित, तीसरा सत्य-असत्य तथा चौथा चरण रैपिड फायर आधारित रहा। प्रतियोगिता में कम्प्यूटर साईंस एवं आईटी विभाग विजेता रहा। दूसरे स्थान पर वाणिज्य एवं प्रबंधन तथा तीसरे स्थान पर लाइफ साईंस विभाग रहा।

### 25 दिसंबर को मनाया जाएगा सुशासन दिवस

**अम्बिकापुर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती 25 दिसंबर सुशासन दिवस के रूप में राज्य के सभी जिलों एवं ग्राम पंचायतों में मनाई जाएगी। राज्य शासन द्वारा सुशासन दिवस 25 दिसंबर के पूर्व ग्राम पंचायतों में पहले से निर्मित अटल स्तंभ की साफ-सफाई आवश्यक मरम्मत आदि कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस दिन निर्वाचित जनप्रतिनिधि और आम नागरिक ग्राम तथा ग्राम पंचायत में सुशासन स्थापित करने का संकल्प भी लेंगे। इसी क्रम में ग्राम और ग्राम पंचायतों में 25 दिसंबर से आगामी एक सप्ताह तक स्वच्छता अभियान संचालित किया जाएगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने राज्य के सभी कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सुशासन दिवस के आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं।

## कड़कड़ाती ठंड में आधा दर्जन गांव के लोग परेशान

# कोरबा जिले से पहुंचे 9 हाथियों का उदयपुर व सूरजपुर क्षेत्र में कहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

नौ हाथियों के दल ने पीछले 9 दिनों से सूरजपुर व उदयपुर क्षेत्र में जमकर उत्पात मचा रहा है। उदयपुर व सूरजपुर सीमावर्ती क्षेत्र में डटे हाथियों के झुंड ने नौ दिन के भीतर न सिर्फ 10 घरों को क्षतिग्रस्त किया बल्कि आसपास के आधा दर्जन गांव में लगी फसल को नुकसान पहुंचाया है। क्षेत्र में हाथियों के दल के होने पर आसपास गांव के लोग इस कड़कड़ाती ठंड में रतजगा करने को मजबूर है। हालांकि वन विभाग अमला के लगातार हाथियों के झुंड पर निगरानी रखे हुए है और ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पहुंचा रहे है जिससे अभी तक किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई है।

**खास बात**
- नौ दिनों के भीतर तोड़े 10 घर, फसलों को पहुंचाया नुकसान

सूरजपुर जिले से 9 हाथियों का दल विगत 11 दिसंबर से उदयपुर ब्लॉक में पहुंचा। हाथियों का गुमगा, डाहिंमार, बोदेलामर, मुड़गांव,केशी पारा सहित सूरजपुर जिले के तारा, शिवनगर, जनार्दनपुर व आस पास के गांवों में इस कड़कड़ाती ठंड में विगत 8 दिनों से कहर जारी है। हाथियों का दल कोरबा जिले से होते हुए सूरजपुर जिले में एक सप्ताह पूर्व प्रवेश किया था लेकिन नेशनल हाईवे 130 चौकी शिवनगर तारा के पीछे जंगल में पिछले 5 दिनों से दिन भर विचरण करते हैं और शाम होते हैं उदयपुर विकास खंड के गुमगा, मुड़गांव सहित आधा दर्जन गांवों में पहुंच कर 9 हाथियों का दल लगातार घरों को तोड़ने के साथ-साथ फसलों को नुकसान पहुचाया। इधर वन विभाग की टीम ने किसी प्रकार की जान माल का नुकसान न हो इसके लिए हाथियों पर नजर जमाए हुए है। साथ ही विभाग की टीम ने लोगों को समझाइश देने के साथ हाथियों से दूरी बनाए रखने कहा है। इस कड़कड़ाती ठंड में हाथियों के गांव में पहुंच जाने पर ग्रामीण रतजगा कर रात बिता रहे हैं। जब हथियों का दल गांव में पहुचता हैं तो पूरे मोहल्ले के लोग शोर मचाने लगते है जिससे हाथियों का दल गांव में प्रवेश तो नहीं करता परंतु जंगल से लगे घरों को नुकसान पहुंचाते है।



हाथियों द्वारा ढहाया गया घर।



ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर भेजते वनकर्मी।

### अब तक तोडे 10 घरों को

उदयपुर क्षेत्र में डटे 9 हाथियों के दल ने पीछे 9 दिनों के भीतर ही 10 घरों को तोड़ा है। इसमें से कुछ घर ऐसे है जिसे हाथियों ने दो बार क्षतिग्रस्त किया है। इसके अलावा लगभग 3 हेक्टेयर फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है। हाथियों ने मुडगांव में 4, गुमका में 4 व बोदेलामर साल्ही में भी कुछ घरों को तोड़ा है। अभी हाथियों का दल तारा शिवनकर पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित जंगल में डटे हुए है।

#### ग्रामीणों को पहुंचा रहे सुरक्षित स्थान पर

सूरजपुर व उदयपुर सीमावर्ती क्षेत्र में पिछले 9 दिनों से डटे हाथियों से किसी प्रकार की जान माल की नुकसान न हो इसे लेकर वन विभाग की टीम लगातार हाथियों पर निगरानी रखे हुए है। कई बार हाथियों के लोकेशन के आधार पर जंगल किनारे बसे बस्ती के लोगों को खतरा न हो इसके लिए वन विभाग की टीम रात में ही घर खाली करवाया कर उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचा देते है। वन विभाग की सर्तकता के कारण अभी तक जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। सरगुजा के वन मंडला अधिकारी ने मुड़गांव पहुंच कर हाथी विचरण वन क्षेत्र का जायजा लिया है। वन विभाग ने लोगों को हाथी विचरण वन क्षेत्र में न जाने के तथा हाथियों को न छेड़ने की बात कही है।

#### बचाव टीम है सतर्क

हाथियों से किसी प्रकार की नुकसान हो इसके लिए बचाव टीम सतर्क है। बचाव टीम में प्रशिक्षु डीएफओ अक्षय भोंसले, रेंजर गजेन्द्र दोहरे, दुगेश्वर सिंह, चंद्रभान सिंह, शशिकांत सिंह, विष्णु सिंह, अवधेश पुरी, अमरनाथ सहित टीम के सदस्य लगातार हाथियों के पर नजर जमाने के साथ ग्रामीणों को समझाइश देने तथा उन्हें सुरक्षित स्थान ले जाने में डटी हुई है।

### दंतैल बहेरादेव ने दो घरों में की तोड़-फोड़

**बिहारपुर।** दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में लम्बे समय से भ्रमण कर रहे दंतैल बहेरादेव ने बीती रात जमकर आतंक मचाया। दंतैल ने दो घरों में तोड़-फोड़ मचाने के बाद घर में रखे अनाज को चट कर गया तथा पूरी रात अरहर एवं सरसों की खड़ी फसल को रौंदता रहा। दंतैल के आबादी क्षेत्र में घुसने से भयभीत ग्रामीण कड़कड़ाती ठंड में रतजगा करने मजबूर हैं। क्षेत्र में हाथियों की तबाही रूकने का नाम नहीं ले रही है। हाथी पिछले 4 महीनों से आबादी क्षेत्र में घुसकर घरों में तोड़-फोड़ बचाने के साथ ही लगातार खड़ी फसल को तबाह कर रहे हैं। कुछ समय तक राहत देने के बाद दंतैल बहेरादेव क्षेत्र में फिर से सक्रिय हो गया है तथा लगातार तबाही मचा रहा है। बीती रात बहेरादेव हाथी कछिया बस्ती में घुस गया फुल कंवर सिंह पति अनुरिद्ध के घर में जमकर तोड़-फोड़ मचाया। इस दौरान परिवार के सदस्यों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। तोड़-फोड़ मचाने के बाद हाथी घर में घुस गया तथा घर में रखे अनाज को चट कर गया। ग्रामीणों द्वारा काफी देर तक शोर मचाने के बाद हाथी बस्ती के बाहर निकला तथा अरहर एवं सरसों की फसल तबाह करते हुए मोहरसोप बस्ती में पहुंच गया। काफी देर तक गां की गलियों में घूमने के बाद दंतैल ने कार्तिक यादव पिता लक्ष्मण यादव के घर को ढहा दिया तथा घर में रखे अनाज को चट कर दिया। इस दौरान परिवार के सदस्यों ने किसी तरह घर के बाहर भागकर अपनी जान बचाई। हाथी पिछले एक सप्ताह से मोहरसोप, कछिया एवं नवाटोला के बीच भ्रमण कर रहा है। वन परिक्षेत्राधिकारी मेवा लाल पटेल ने बताया कि बीती रात बहेरादेव हाथी ने दो घरों में तोड़-फोड़ करने के साथही 8 किसानों की खड़ी फसल को क्षति पहुंचाया है। हाथी से हुई क्षति का आंकलन किया जा रहा है।



# ग्राहक सेवा केंद्र में खाताधारकों से हो रही मनमानी वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

एसबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र संचालक द्वारा हितग्राहियों से खाते की राशि निकालने पर मनमानी शुल्क वसूला जा रहा है। बैंक की भीड़ से बचने एवं आधार कार्ड से आसानी से पैसा निकालने के लिए स्टेट बैंक की ग्राहक सेवा केंद्र खुला है। केंद्र संचालक द्वारा हितग्राहियों से राशि निकालने के नाम से मनमानी शुल्क लिया जा रहा है। हितग्राहियों ने इसकी बैंक मैनेजर से अनेको शिकायतें कर चुके हैं लेकिन संचालक पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। खाता धारक बैंक की भीड़ के चक्कर में मजबूरन ग्राहक सेवा केंद्र में मनमानी शुल्क देकर पैसा आहरण करने के लिए मजबूर हैं। खाता धारक नेहा केसरी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास के द्वितीय किस्त की 79100 ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से निकलने पर उसे 800 रूपए शुल्क लिया गया, जबकि बैंक से उसे छोटा खाता ग्राहक सेवा केंद्र से राशि निकालने की सलाह दी गई थी। बैंक कर्मी छोटा खाता धारकों को ग्राहक सेवा केंद्र में पैसा निकालने के लिए भेज देते हैं, वहीं सेवा केंद्र संचालक द्वारा मनमाना शुल्क किया जा रहा है, जबकि सेवा केंद्र संचालक को बैंक द्वारा अलग से कमीशन दिया जाता है। इस संबंध में भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक कामेश कुमार चौधरी ने बताया कि खाताधारक बैंक या ग्राहक सेवा केंद्र से राशि निकाल सकते हैं। बैंक में भीड़ रहने पर खाताधारकों को ग्राहक सेवा केंद्र में भेज देते हैं। सेवा केंद्र से राशि निकालने पर कितना शुल्क निधार्रित है इसकी जानकारी नहीं है।

# स्कूटी से गिरकर घायल हुए युवकों के बैग से मिला नशीली दवाओं का जखीरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

नगर में इन दिनों नशीली दवाओं के कारोबारी फलने फूलने लगा है। पुलिस द्वारा बीच बीच में कार्रवाई करती है परंतु नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के खरीदी बिक्री कम होने के बजाय दिनों दिन और भी बढ़ती जा रही है। हालांकि पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला के निर्देश पर अवैध कारोबार के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद कुछ अवैध कारोबारी पुलिस के हत्थे चढ़े है जबकि कई कारोबारी क्षेत्र में नशे के कारोबार को फैलाने में लगे हुए है।

- एक गया जेल दूसरे का चला रहा अस्पताल में उपचार

पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबारियों पर अंकुश लगाने गश्त कर रहे कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि स्कूटी सवार दो व्यक्ति पचिरा मुख्य मार्ग पर एक्सीडेंट हो गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जहां एक स्कूटी पर सवार 2 व्यक्ति में से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल होकर रोड़ किनारे पड़ा हुआ था। जबकि उसका साथी पास में एक बैग लेकर खड़ा था। युवक की गंभीर हालत को देख पुलिस ने उसे तत्काल 108 से जिला चिकित्सालय पुलिस जवानों के साथ भेजा गया। इधर जब पुलिस ने चरचा थाना अंतर्गत विवेकानंद कालोनी निवासी कृष्ण कुमार आ. भुनेश्वर सिंह (23 वर्ष) के पास रखे बैग की तलाशी ली तो पुलिस के होश उड़ गए। युवक के बैग में 2 लाख 34 हजार कीमत का नशीली दवा रखा हुआ था। पुलिस ने नशीली दवाओं को जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने युवक विरूद्ध धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की। मामले में 1 अन्य आरोपी घायल है जिसका उपचार चल रहा है उपचार पश्चात अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व सीएसपी एसएस पैंकरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विमलेश दुबे, एसआई पीयुष चन्द्राकर, संदीप कौशिक, एएसआई संजय सिंह, प्रधान आरक्षक उदय सिंह सक्रिय रहे।



# नल-जल योजना के पाइप चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** पीएचई विभाग के कान्ट्रेक्टर शिवनंदनपुर निवासी राहुल सिंघल ने थाना भटगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम लक्ष्मीपुर में नल जल योजना के तहत शासकीय कार्य हेतु एचडीपी पाईप खरीदी कर लगाया जा रहा है, इस दौरान 7 अक्टूबर की रात्रि को 223 मीटर तथा 12 दिसंबर की रात्रि में 100 मीटर पाईप को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 379 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। भटगांव पुलिस ने आरोपियों की पतासाजी के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम लक्ष्मीपुर के बेचन सिंह के बाड़ी में एचडीपी पाईप लगा है जिसके बाद उसे दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ पर बेचन सिंह ने बताया कि चोरी के पाईप को गौरीशंकर से खरीदी कर बाड़ी में लगाया था। जिसके बाद पुलिस ने गौरीशंकर को भी दबिश देकर पकड़ा। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी का 85 मीटर एचडीपी पाईप को जप्त कर आरोपी बेचन सिंह पिता स्व. श्रीराम उम्र 55 वर्ष ग्राम लक्ष्मीपुर व गौरी शंकर पिता जगसाय ग्राम लक्ष्मीपुर, थाना भटगांव को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव राजेन्द्र साहू, एसआई अश्वनी पाण्डेय, एएसआई लालचंद कुजूर, प्रधान आरक्षक पूरनचंद राजवाड़े, रविनंद सिंह, शत्रुधन पोर्ते सक्रिय रहे।



### स्कूटी चोरी कर बेचने के फिराक में घूर रहे दो युवक गिरफ्तार

**सूरजपुर।** स्कूटी चोरी कर बेचने के फिराक में ग्राहक तलाश रहे दो युवकों को भटगांव पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढ़े युवकों ने अम्बिकापुर खरसिया रोड से स्कूटी चोरी भटगांव में बेचने आए थे। क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश में गश्त कर रहे भटगांव पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक स्कूटी लेकर बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश रहे है। सूचना भटगांव पुलिस ने ग्राम अधिना में संदिग्ध हालत में घूम रहे स्कूटी सवार अम्बिकापुर सदर रोड निवासी अरशद अंसारी आ. मो. खुर्रम (20 वर्ष) व अम्बिकापुर नवागढ़ निवासी समीर खान आ. मो. नसीम (20 वर्ष) को पकड़ा। पुलिस ने युवकों के पास से स्कूटी वाहन के दस्तावेज की मांग की तो दोनों कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए। स्कूटी चोरी करने के संदेह पर जब पुलिस ने पूछताछ किया तो आरोपियों ने बताया कि 17 दिसंबर को खरसिया रोड़ टाकिट के समीप एक दुकान के सामने से खड़ी स्कूटी चोरी कर गाड़ी का नंबर सीजी 15 सीएक्स 5118 को खुरचकर मिटा दिया था। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 41(1-4)379 के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में थाना प्रभारी भटगांव राजेन्द्र साहू, एसआई अश्वनी पाण्डेय, प्रधान आरक्षक पूरन चंद राजवाड़े, सुंदरलाल, आरक्षक संतोष जायसवाल, मनोज जायसवाल, विनोद प्रताप, राधेश्याम साहू, भोलाशंकर राजवाड़े, वाहिद हुसैन व महिला आरक्षक प्रीति भगत सक्रिय रहे।



### दिव्यांग छात्राओं को प्रदान की गई छात्रवृत्ति

**रामानुजनगर।** विकासखंड रामानुजनगर के बीआरसी हजारीलाल चक्रधारी द्वारा दिव्यांग छात्राओं को समाज कल्याण छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्रदान किया। विकासखंड के स्कूलों से छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत 84 दिव्यांग बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान किया गया।



# यातायात विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलराम

पुलिस द्वारा जिले में यातायात नियमों का पालन कराने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना नंबर प्लेट के वाहनों को रोककर उन्हें समझाइस दी गई और वाहनों में नंबर प्लेट लगाए गए।

इसके साथ ही भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बता दें कि एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी चंद्रेश सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जिले में यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया है। अभियान के तहत आज यातायात प्रभारी विमलेश कुमार देवांगन के नेतृत्व में चांदो चौक पर पुलिस द्वारा चेकिंग प्वाइंट लगाया गया। इस दौरान यातायात पुलिस द्वारा बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों एवं आड़े तिरछे नंबर प्लेट वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों को रोककर नंबर प्लेट लगवाया गया और नंबर लिखवाने के साथ ही उन्हें नियमों का पालन करने की समझाइस दी गई। इसके साथ ही यातायात पुलिस द्वारा लोगों को नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई और भविष्य में नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इस दौरान सउनि अशोक तिर्की, प्रधान आरक्षक बूटन सिंह, आरक्षक अमित मिंज, राकेश सिंह, नरेंद्र यादव, कुमार सानू, महिला आरक्षक इंद्रमुनि कुजूर उपस्थित रहे।



# अधिकारियों ने किया सेदम और मंगारी धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण

**बतौली/सेदम।** प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही शासकीय कार्यों में कसावट लाने अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया जा रहा हैं। भू अभिलेख जिला अधिकारियों द्वारा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति व धान खरीदी केंद्र सेदम और मंगारी धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। वहीं किसानों से धान खरीदी के संबंध में चर्चा की गई। धान खरीदी केंद्र की जानकारी एकत्र कर समिति प्रबंधक को व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा गया है ताकि धान बिक्री करने आए हुए किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। धान खरीदी केंद्र में जांच के दौरान नापतोल, बारदाना, धान की नमी उचित पाई गई। इसके पश्चात निरीक्षण दल द्वारा धान खरीदी के नया केंद्र मंगारी पहुंचे जहां किसानों से रूबरू हुए और नए धान खरीदी केंद्र में भवन की कमी पाई गई। इस दौरान अधीक्षक उषा नेताम, अधीक्षक दीपिका दुबे, राजस्व अधिकारी सत्येंद्र मिश्रा एवं सुरेंद्र कुजूर मौजूद रहे।

# बंद पड़ी खदान में धड़ल्ले से हो रही कोयला चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

एसईसीएल भटगांव क्षेत्र में बंद पड़े कोयला खदानों से कोयले की चोरी धड़ल्ले की जा रही है। कोल माफिया अपनी जेबे गरम करने में लगे है तो वही सरकार को रोजाना लाखों के राजस्व का नुकसान हो रहा है। अवैध खनन को रोक पाने में खनन विभाग एवं स्थानीय प्रशासन असफल है। यहां दो पालियों में कोयले की अवैध खुदाई होती है। बताया जाता है कि प्रतिदिन कई टन कोयले की निकासी की जाती है। जिस प्रकार कंपनी द्वारा अंडरग्राउंड कोयला खदान खोला जाता है उसी प्रकार से चोरों द्वारा भटगांव स्थित ओसिएम बंद खदान में चट्टान के नीचे सुरंग बनाकर अंदर ही अंदर अंडरग्राउंड खदान खोलकर सैकड़ों पिलर के साथ दर्जनों सुरंग के रूप में कई किलोमीटर की एरिया को गोलाकार में लेकर कूपनुमा गड्ढा खोदकर कोयला निकाला जाता है। जिस कारण खदान बने गड्ढे में कभी भी जान माल की क्षति हो सकती है। हालांकि समय-समय पर अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए पुलिस अभियान चलाती रही है। मगर आजतक किसी की गिरफ्तारी नहीं होने से चोरों के हौसले बुलंद है।

**खास बात**
- जिम्मेदार हैं नदारद



कोयला निकालने के लिए चोरों द्वारा बनाए गए सुरंग।

#### सुरंग को करना था ब्लास्टिंग

सुरंग बनाए जाने की जानकारी है जिसे लेकर एसईसीएल के महाप्रबंधक भटगांव व अन्य अधिकारी सहित सुरक्षा प्रभारी कोयला चोरों द्वारा जहां सुरंग बनाई गई है वहां 8 दिन पहले जाकर निरीक्षण किया गया है। उस सुरंग को ब्लास्टिंग करने की बात कही गई थी परंतु अभी तक नहीं हो सका है।

**एसजी लोकनाथ डेक्सेना**
सुरक्षा प्रभारी ओसियम एसईसीएल भटगांव


# विधायक ने निर्माणाधीन सड़क पुल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

सड़क निर्माण में लापरवाही व गुणवत्ताहीन कार्य को लेकर क्षेत्रीय विधायक ने विभाग के अधिकारियों व ठेकेदार को जमकर फटकार लगाई है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक के निर्देश के बाद फिलहाल विभाग द्वारा निर्माण कार्य को रोक दिया गया है। बता दें कि नव निर्वाचित विधायक राम कुमार टोप्पो विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे है।

- गुणवत्ताहीन कार्य को लेकर लगाई अधिकारियों को फटकार

इसी कड़ी में विधायक श्री टोप्पो पीएमजीएसवाई योजना के तहत मैनपाट में बनाए जा रहे कार्निवाल पहुंच मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीसी सड़क के निर्माण की गुणवत्ता में लापरवाही व अधिकारियों की गैर मौजूदगी पर विधायक ने जमकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन पर जमकर फटकार लगाई और तत्काल काम रोकने के निर्देश दिए। बताया जा रहा है कि कमलेश्वरपुर से कार्निवाल पहुंच मार्ग तक 50 लाख की लागत से सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई कि ठेकेदार द्वारा निर्धारित मापदंडों के विपरीत सीसी सड़क का कार्य कराया जा रहा था जबकि गुणवत्ता पर निगरानी रखने के लिए कोई अधिकारी मौजूद नहीं था। विधायक ने निर्माण रोकने के साथ ही अधिकारियों को बुलाकर गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश दिए। इसके साथ ही विधायक ने ग्राम सुपलगा में चल रहे पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। वहीं उन्होंने वन विभाग द्वारा सुपलगा में कराए जा रहे सड़क निर्माण का भी आकस्मिक निरीक्षण किया।



# 'हनुमान' का रोंगटे खड़े कर देने वाला ट्रेलर आउट

**मुंबई।** तेजा सज्जा स्टारर तेलुगु सिनेमा की सुपरहीरो फिल्म 'हनुमान' का टीजर रिलीज होने के बाद से ही फैंस इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं अब मेकर्स ने फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ाते हुए इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज कर दिया है। ट्रेलर बेहद दमदार है और इसे देखकर यकीन मानिए रोंगटे खड़े हो जाएंगे। इसमें पौराणिक कथाओं और कल्पना का मिश्रण दिखाया गया है। ट्रेलर की शुरुआत में तेजा सज्जा समुद्र की अथाह गहराइयों में नजर आते हैं। इसके बाद भगवान हनुमान का वर्णन करते हुए बैकग्राउंड साउंड आती है।

लाइफ Style

# कृति

## शूटिंग पूरी होने पर मनाया जश्न

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कृति सेनन ने अपनी प्रोड्यूस की हुई फिल्म 'दो पत्ती' की शूटिंग पूरी कर ली है। 'दो पत्ती' का रैप-अप हो चुका है। कृति ने जश्न मानते हुए इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की है। एक्ट्रेस ने वीडियो और फोटोज शेयर की है।



कृति इस फिल्म को लेकर पिछले काफी समय से सुर्खियों में हैं। 'आदिपुरुष' एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर वीडियो और फोटोज शेयर की है, जिसमें काजोल, कनिका ढिल्लों, कृति सेनन और फिल्म डायरेक्टर शशांक चतुर्वेदी नजर आ रहे हैं और कैप्शन में लिखा, और यह एक रैप-अप है! दो पत्ती की रोमांचक यात्रा समाप्त हो गई है, 2024 में, केवल नेटफ्लिक्स पर। बता दें, कृति सेनन को फिल्मी पर्दे पर 9 साल का वक्त बीत चुका है। एक्ट्रेस पर्दे पर हीरोइन के तौर में काम किया है और अब प्रोड्यूसर के तौर पर भी अपना करियर शुरू करने जा रही है। फिल्म 'दो पत्ती' की कृति सेनन प्रोड्यूसर है। ये फिल्म कृति ने अपने प्रोडक्शन हाउस ब्लू बटरफ्लाई में बनी है। एक्ट्रेस ने वीडियो शेयर कर लिखा, हर फिल्म में मेरे दिल का टुकड़ा होता है, लेकिन कुछ में मेरी आत्मा भी होती है। दो पत्ती में मेरा दिल, आत्मा, दिमाग, प्यार, आंसू, सपने और बहुत कुछ है एक निर्माता के रूप में मेरी पहली फिल्म और मैं ' हमने इस रचनात्मक यात्रा का भरपूर आनंद लिया। यह जानकर मेरा दिल बैठ गया कि यह यात्रा समाप्त हो गई है, मैं खूबसूरत यादों और उससे भी ज्यादा खूबसूरत लोगों के लिए आभारी हूं, जिन्होंने इसे इतना खास बना दिया।

## हॉलीवुड मसाला



# फुटबॉल मैच देखने निकलीं किम

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस किम कार्दशियन को अक्सर अपनी बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करते देखा गया। हाल ही में किम को अपनी पांच साल की बेटी शिकागो और आठ साल के बेटे सेंट के साथ लॉस एंजेलिस में स्पॉट किया गया। किम बच्चों के साथ बास्केटबॉल गेम्स के लिए जा रही थीं। लुक की बात करें तो किम रेड फलालैन शर्ट और कार्गो पैंट में स्टाइलिश दिखीं। ओपन हेयर्स और ब्लैक शेड्स किम के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं।



# दोस्त संग डिनर डेट पर स्पॉट हुईं केंडल

**लॉस एंजेलिस।** केंडल जेनर हॉलीवुड इंडस्ट्री की बोल्ड एंड ग्लैमरस एक्ट्रेसेस में से एक हैं। वह अक्सर अपने लुक्स को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा में रहती हैं। केंडल को बीती रात दोस्तों के साथ कोलोराडो में डिनर के लिए स्पॉट किया गया, जहां वह अपने लुक से सबको खूब इंप्रेस करती नजर आईं। अब एक्ट्रेस की ये तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करेंतो इस दौरान केंडल चॉकलेट ब्राउन और ब्लैक बेल्ट वाला फर कोट पहने नजर आईं। इस लुक को उन्होंने ब्लैक ट्रांसपेरेंट स्टॉकिंग्स और ब्लैक बेली से कंप्लीट किया है। ओवरऑल लुक में एक्ट्रेस का स्टाइल देखते ही बन रहा है।



# इंटरनेशनल फिल्म में डेब्यू करेंगी नेहा

**मुंबई।** एक्ट्रेस नेहा धूपिया मिस्त्र के पॉपुलर फिल्म मेकर अली एल अरबी द्वारा निर्देशित 'ब्लू 52' से इंटरनेशनल मूवी में डेब्यू करने जा रही है इंटरनेशनल डेब्यू के बारे में बात करते हुए, नेहा ने कहा, ब्लू 52 की जर्नी शुरू करना किसी जादू से कम नहीं है। इस इंटरनेशनल वेंचर में अलग-अलग कल्चर के फ्यूजन ने मुझे एक ऐसे करेक्टर में गहराई से उतरने की अनुमति दी, जो चैलेंजिंग और इमोशनल है। एक्ट्रेस ने कहा, मेरा मानना है कि यह ट्रांसफॉर्मेटिव एक्सपीरियंस है, जो स्थायी प्रभाव छोड़ेगा और मुझे खुशी है कि अली ने मुझे अपनी पहली इंटरनेशनल फिल्म में लीड रोल निभाने के लिए चुना। निर्देशक अली एल. अरबी ने कहा, ब्लू 52 का निर्माण मिस्त्र, अमेरिका और भारत की सिनेमाई भाषाओं को मिलाकर किया जा रहा है।



# दिलजीत का 'बंदा' गाना रिलीज...

**मुंबई।** फिल्म डंकी के निर्माताओं ने नया गाना बंदा है, पेश किया है। 'बंदा' नाम का ये गाना एक जोशीला ट्रैक है, जो फैंस और ऑडियंस को फिल्म में शाहरुख खान के किरदार हार्डी से रूबरू कराता है। इस गाने को दिलजीत दोसांझ ने गाया है जबकि गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं और संगीत प्रीतम ने दिया है। शाहरुख खान का इंट्रोडक्शन सॉन्ग निश्चित रूप से प्रशंसकों और दर्शकों के बीच काफी एक्साइटमेंट लेकर आएगा। डंकी में अभिनेता बोमन ईरानी, तापसी पन्नू, विक्की कौशल, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर द्वारा रंगीन किरदार निभाए गए हैं। जीओ स्टूडियोज, रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और राजकुमार हिरानी फिल्म्स की प्रस्तुति, राजकुमार हिरानी और गौरी खान द्वारा निर्मित, अभिजात जोशी, राजकुमार हिरानी और कनिका ढिल्लों द्वारा लिखित, डंकी 22 दिसंबर को रिलीज होने वाली है।

## टीवी मसाला

# शादी के बंधन में बधेंगी श्रेनु रचाई दूल्हे के नाम की मेहंदी

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस और डांसर मुक्ति मोहन के बाद अब एक और एक्ट्रेस शादी के बंधन में बंधने जा रही है। हम बात कर रहे हैं टीवी एक्ट्रेस श्रेनु पारिख की। हाल ही में एक्ट्रेस की मेहंदी सेरेमनी हुई है, जिसकी तस्वीरे सोशल मीडिया पर साझा की है। श्रेनु पारिख जल्द अपने ब्वॉयफ्रेंड अक्षय म्हात्रे संग शादी करने जा रही है। शादी से पहले एक्ट्रेस की प्री-वेडिंग फंक्शन की शुरुआत हुई है। अदाकारा की मेहंदी सेरेमनी हुई। इस मौके पर श्रेनु ग्रीन कलर का लहंगा पहना, जिसमें वह बेहद खूबसूरत नजर आ रही है। श्रेनु पारिख और अक्षय म्हात्रे की मुलाकात साल 2021 में 'घर एक मंदिर' के सेट पर हुई और फिर दोनों के बीच प्यार हो गया। इस कपल ने अपने रिश्ते को सीक्रेट रखा।



# 2023 में इन फिल्मों को सिनेमाघरों में नहीं मिले दर्शक, लेकिन ओटीटी पर रही टॉप ट्रेंड

***मुंबई।*** *वैसे तो साल 2023 बॉलीवुड के लिहाज से काफी अच्छा रहा। इस साल बॉलीवुड की कई सारी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के साथ हंगामा मचाया। वहीं, कुछ बड़ी फिल्में ऐसी भी रहीं, जिन्हें सिनेमाघरों में तो पसंद नहीं किया गया और फिल्म बुरी तरह फ्लॉप रही। वहीं, जब इन फ्लॉप फिल्मों को ओटीटी पर रिलीज किया गया तो ये टॉप ट्रेंड करने लगी। हम आपको साल 2023 की उन्हीं फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं।*

### किसी का भाई किसी की जान




सलमान खान की यह फिल्म जब सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, तो इसे बिलकुल भी पसंद नहीं किया गया था और बॉक्स ऑफिस पर यह फ्लॉप साबित हुई थी, लेकिन जैसे ही इसे ओटीटी पर लाया गया यह फिल्म ओटीटी पर टॉप ट्रेंड करने लगी थी।

### मिशन रानीगंज- द ग्रेट भारत रेस्क्यू



अक्षय कुमार की इस फिल्म को सिनेमाघरों में अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिला था और रिलीज के साथ ही यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी, लेकिन ओटीटी पर आते ही यह टॉप ट्रेंड करने लगी थी। यह एक आपदा थ्रिलर फिल्म है, जो टीनू सुरेश देसाई द्वारा निर्देशित और पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है।

### गुमराह

यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो वर्धन केतकर द्वारा निर्देशित और टी-सीरीज फिल्म्स और मुराद खेतानी के सिने1 स्टूडियो द्वारा निर्मित है। फिल्म में मृणाल ठाकुर और रोनित रॉय के साथ आदित्य रॉय कपूर दोहरी भूमिका में हैं। यह 2019 की तमिल फिल्म थडम की रीमेक है. यह बॉक्स ऑफिस पर तो फ्लॉप साबित हुई थी, लेकिन ओटीटी पर आते ही यह छा गई थी।

### शहजादा

रोहित धवन द्वारा निर्देशित यह एक कॉमेडी एक्शन फिल्म है, जो सिनेमाघरों में तो कुछ कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन ओटीटी पर रिलीज होते ही टॉप ट्रेंड करने लगी थी। इसमें कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका में हैं, जिन्होंने इस फिल्म के साथ अपने प्रोडक्शन की शुरुआत भी किया। वहीं, कृति सेनन, परेश रावल, मनीषा कोइराला और रोनित रॉय मुख्य भूमिकाओं में थे।

### कुत्ते

यह एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसे आसमान भारद्वाज ने लिखा और निर्देशित किया। फिल्म में तब्बू, अर्जुन कपूर, नसीरुद्दीन शाह, राधिका मदान, कोंकणा सेन शर्मा और कुमुद मिश्रा जैसे कलाकार शामिल हैं। यह फिल्म सिनेमाघरों में तो नहीं चली, लेकिन ओटीटी पर इसे दर्शकों का प्यार हासिल हुआ था।

# पहली बार लीड रोल में नजर आएंगी नोरा

**मुंबई।** एक्ट्रेस नोरा फतेही पहली बार पर्दे पर मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। नोरा फतेही ने कई फिल्मों में काम किया है, लेकिन उन्हें बॉलीवुड में बतौर लीड काम करने का मौका नहीं मिला। हालांकि, अब एक्ट्रेस को बतौर लीड पहली फिल्म मिल गई है। नोरा फिल्म क्रैक में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। नोरा की फिल्म क्रैक की शूटिंग पूरी हो चुकी है।



## डंकी के लिए बुक हुए 70 प्रतिशत मल्टीप्लेक्स



**मुंबई।** शाहरुख खान 'डंकी' के साथ बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर की हैट्रिक लगाने की तैयारी कर रहे हैं। फिलहाल रिलीज से पहले ही 'डंकी' का क्रेज फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है और इसी के साथ फिल्म की धुंआधार एडवांस बुकिंग भी हो रही है। डंकी की एडवांस बुकिंग के चलते देशभर के 70 फीसदी मल्टीप्लेक्स पहले दिन के लिए हाउसफुल हो गए हैं।

## हैरतअंगेज स्टंट से भरपूर 'क्रैक' का टीजर आया सामने



**मुंबई।** रोलर-ब्लेडिंग से लेकर स्काइडाइविंग, स्कीइंग और कार-चेजिंग तक विद्युत जामवाल की लेटेस्ट फिल्म क्रैक-जीतेगा तो जिएगा का टीजर आपके रोंगटे खड़े कर देगा। फिल्म के निर्माताओं ने मंगलवार को टीजर जारी किया, जिसमें फिल्म की पेशकश के बारे में जानकारी दी गई। एक मिनट लंबे टीजर की शुरुआत विद्युत और अर्जुन के स्काइडाइविंग से होती है।

## दीपिका ओटीटी पर फिर दिखाएंगी जलवा



**मुंबई।** दीपिका पादुकोण को लेकर एक बड़ी खबर आ रही है कि एक बार फिर ओटीटी पर नजर आएंगी। यह ओटीटी प्रोजेक्ट ड्रग माफिया कल्चर पर आधारित होने वाला है। इसकी शूटिंग अगले साल शुरू होने की संभावना है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका पादुकोण और नेटफ्लिक्स के बीच ड्रग्स माफिया संस्कृति पर आधारित एक प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही है।

## खबर संक्षेप

### विधायक ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ी में ली शपथ

**रायगढ़।** नवगठित भाजपा सरकार का पहला विधानसभा सत्र मंगलवार से आरंभ हो गया। पहले दिन सभी निर्वाचित विधायको ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने भी छत्तीसगढ़ी भाषा में रायगढ़ की जनता के लिए तन मन से समर्पित रहने की शपथ लेते हुए कहा रायगढ़ की देव तुल्य जनता ने अपना अपार समर्थन देते हुए मार्गदर्शन देते हुए आशीर्वाद देते हुए मुझे पहली बार विधान सभा पहुंचाया है। सभी कार्यकर्ताओ का आत्मीय रूप से आभार व्यक्त किया। शपथ के दौरान ओपी ने आम जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का पूरे मनोयोग से निर्वहन करने की बात भी कही। ओपी ने छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा के लिए समर्पित रहने की बात कही।

### पेयजल से जुड़ी शिकायत के लिए एकल खिड़की

**रायगढ़।** अब पीने की पानी से संबंधित समस्या के लिए एकल खिड़की सुविधा निगम प्रशासन द्वारा शुरू की जा रही है। पेयजल से संबंधित समस्त समस्याओं, परेशानियां मांग के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। शहरवासियों को पेयजल से संबंधित आवेदन करने के लिए वाहन शाखा में जाना होता था। इसी तरह आवक में आवेदन देने पर यह आवेदन रिमार्क होकर जल विभाग में पहुंचता था। इसमें आवेदन लेने से लेकर रिमार्क होने और आवेदन के जल विभाग पहुंचने में तीन-चार दिनों का समय लगता था और लोगों के समस्याओं के निराकरण होने में पर विलंब की शिकायत रहती है। आवेदनकर्ताओं के उनकी समस्याओं के निराकरण विलंब से होने की शिकायत रहती थी और पेयजल समस्या का त्वरित निराकरण नहीं हो पता था। इसे देखते हुए ही कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने एकल खिड़की व्यवस्था शुरू करने के निर्देश जल विभाग प्रभारी सहायक अभियंता सूरज देवांगन को दिए हैं। एकल खिड़की में नया नल कनेक्शन लेने नल कनेक्शन को काटने, नल कनेक्शन की मरम्मत, अमृत मिशन योजना से संबंधित समस्त समस्याओं सुझाव से संबंधित एवं पेयजल से संबंधित समस्त प्रकार के आवेदन लिए जाएंगे।

### छाल में आबकारी विभाग की कार्रवाई

**रायगढ़।** छाल खरसिया क्षेत्र में इनके आसपास अवैध महुआ मदिरा निर्माण पर आबकारी विभाग रायगढ़ द्वारा संयुक्त दल बनाकर बरभौना के निकट पतासाजी करते हुए वन क्षेत्र में नदी के किनारे अवैध मदिरा निर्माण के अड्डों पर कार्रवाई की गई है। कार्यवाही में 8 प्लास्टिक बोरियों में प्रत्येक में 20.20 किलो कुल 160 किलो ग्राम महुआ लाहनए पांच प्लास्टिक जरीकेन और 2-2 लीटर क्षमता वाली 4 बोतलों में भरी हुई कुल 38 लीटर महुआ शराब जप्त की गई है।

### धान खरीदी केंद्रों में आकस्मिक निरीक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने सारंगढ़ विकासखंड के धान खरीदी केंद्र कोतरी और हरदी का आकस्मिक निरीक्षण किया। डॉ सिद्दीकी ने धान को छूकर धान की जानकारी ली। इसके साथ ही साथ नमी मापक यंत्र से बोरों के धानो का नमी जांच की। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों के सहायक प्रबंधकों को कहा कि शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार धान खरीदी कार्य करें।

### जमानत पर छूटते ही मारपीट, फिर गिरफ्तार

**रायगढ।** एक अपराध में गिरफ्तार आरोपी एजाज खान उर्फ भोंदू के द्वारा जमानत मिलते ही सरेआम व्यवसायी के दुकान में घुसकर मारपीट करने के आरोप में फिर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को पुराने शनि मंदिर के पास दिनदहाड़े दुकानदार के साथ मारपीट करने वाले आदतन बदमाश अजीज़ खान उर्फ भोंदू को कोतवाली पुलिस ने धारा 294,323,506,190,34 के तहत गिरफ्तार किया है।

### पुसौर के बेतरतीब मीट मार्केट को मिलेगी दुकानें

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में कहीं भी, किसी भी तरह खुले में मांस मछली मुर्गा बेचने के चलन पर अंकुश लगाने लगभग 4 माह पूर्व नगर पंचायत पुसौर कार्यालय, तहसील कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया था वहीं उसका खबर भी प्रकाशित हुआ था।

---

### चौक-चौराहों पर भीख मांगने को मजबूर बच्चे

# सड़कों पर लावारिस घूम रहा बचपन, बच्चों को मूलधारा में लाने गंभीर नहीं विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आप नगर के चौराहे पर अपना वाहन रेड लाइन होने पर रोकते हैं तो यहां काफी संख्या में बच्चे हाथ फैला कर आपसे रुपए मांगने पहुंच जाएंगे। इनमें से कुछ बड़े बच्चे ऐसे भी होंगे, जो अपने साथ गोदी में एक छोटा बच्चा उठाए आपसे भीख मांग रहे होंगे। चौराहे पर भिक्षाटन का यह चलना रायगढ में बीते एक दो साल में शुरू हुआ है। शहर मे भिक्षावृत्ति एक बडी समस्या बनती जा रही है।

आम तौर पर शहर में भीख मांगने वाले बच्चे रेलवे स्टेशन ए हेमू कलाणी चौक ए बाजार में मंदिर रोड पर अक्सर देखने को मिल जाएंगे। पहली नजर में इन्हें देखा जाए तो ये बच्चे लावारिस से नजर आते हैं लेकिन यहां रुक कर इन्हें देखेंगे तो पाएंगे कि इन्हें बकायदे भीख मांगने के काम पर इनके ही परिजनों द्वारा लगाया गया है। यह बच्चे महिला बाल विकास विभाग के जिम्मेदार फील्ड स्टाफ को नजर नहीं आते हैं, जिनका जिम्मा ऐसे बच्चों को चिन्हांकित कर उनका पुनर्वास करना है। महिला एवं बाल विकास विभाग को श्रम विभाग और शिक्षा विभाग के सहयोग से ऐसे बच्चों को चिन्हित करके इन्हें मूल धारा में लाना है। इसके लिए पहले परिवार सर्वे कर ऐसे परिवारों और बच्चों की प्रोफाइलिंग करनी है। इसके बाद इन बच्चों को भीख मांगनेए कबाड़ बीनने जैसे कामों से अलग कर इन्हें स्कूल भेजना है। इसके बाद स्कूल जाने वाले ऐसे चिह्नित बच्चों की शिक्षा महकमे के जरिए इनकी निगरानी करनी है कि ये नियमित तौर पर स्कूल आ रहे हैं या नहीं। ऐसे बच्चे अगर स्कूल में अनुपस्थित रहते हैं तो इनकी जानकारी लेकर संबंधित विद्यालय के शिक्षकों की इनकी गृह विजिट करवानी है साथ ही श्रम विभाग के समन्वय से ऐसे परिवारों की काउंसिलिंग आदि करनी है। साथ ही इन परिवारों के आधार कार्ड सहित अन्य शासकीय योजनाओं के लाभ दिलवाना है।



**बच्चों की पुनर्वास नीति का पालन नहीं**

महिला एवं बाल विकास विभाग ने पाया कि शहर सहित नगरीय निकायों में सड़क पर रहने वाले बच्चों के पुनर्वास की दिशा में अपेक्षित काम नहीं कर रहे हैं। सड़क पर रहने वाले बच्चों के पुनर्वास नीति 2022 के तहत अधिसूचित कर इनकी जानकारी पोर्टल पर अपडेट करनी थी। इसके साथ ही इन बच्चों को पुनर्स्थापित कर बच्चों व परिवार को शासन की योजना से लाभांवित करना था। लेकिन पोर्टल की समीक्षा में पाया गया कि जिले मे विभाग इस दिशा में गंभीर नहीं है। इस पर संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिला कार्यक्रम अधिकारियों को इस काम को सर्वोच्च प्राथमिकता में लेने के निर्देश दिए हैं।

**स्वास्थ्य पर भी प्रभाव**

इस मामले में मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. एनके शर्मा का कहना है कि जिस तरीके से ये बच्चे चौराहों पर दिन भर रहकर भीख मांगते हैं उससे इनके स्वास्थ्य पर भी गंभीर खतरा है। यहां दिनभर वाहनों के धुंए का प्रदूषण उनके अंदर पहुंच कर फेफड़ों को नुकसान पहुंचाता है वहीं अन्य बीमारियों के चपेट में भी आ सकते हैं।

---



प्लेटफार्म पर नक्शा मूल्यांकन कर किया नापजोख

## एफओबी निर्माण के लिए दूसरी बार सर्वे करने पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशन में नया फूट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों ने प्लेटफार्म नंबर 1 व 2 का निरीक्षण कर नापजोक किया। मंगलवार को यह टीम दूसरी बार सर्वे करने पहुंची। इस दौरान नक्शे का मूल्यांकन करते हुए नापजोख किया गया।

गौरतलब है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चयनित सूची में रायगढ़ का भी नाम है। ऐसी स्थिति में यहां कई तरह के निर्माण कार्य किए जाएंगे। फिलहाल रेलवे स्टेशन के बाहर पार्किंग व गार्डन आदि के निर्माण कार्य शुरू हो चुके हैं। वहीं अब इसी कड़ी में नया फूट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। बता दें कि वर्तमान में रेलवे स्टेशन में प्लेट फार्म नंबर 1,2 व 3 को आपस में जोड़ने के लिए बिलासपुर और झारसुगुड़ा छोर पर दो फूट ओवर ब्रिज हैं। किंतु मुख्य द्वार से इनकी दूरी काफी अधिक है। वहीं इसमें व्हीलचेयर व बैटरी कार के जाने के लिए कोई सुविधा नहीं है। ऐसी स्थिति में शारीरिक रूप से असक्षम यात्रियों को परेशानियों होती हैं। यही वजह है कि इन दोनों के बीच एक नया फूट ओवर ब्रिज का निर्माण किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए सभी कागजी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं, वहीं शुक्रवार को अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर जिस स्थान पर निर्माण होना है उक्त स्थान का नापजोक किया । इस संबंध में बताया गया कि इस नए एफओबी की चौड़ाई करीब 12 मीटर होगी। इसके निर्माण में इस बात का ध्यान रखा जा रहा है कि इससे यात्रियों को आवाजाही व पार्सल अन्य सामानों को लाने ले जाने में कोई परेशानी न हो। नए एफओबी की चौड़ाई करीब 36 फुट है। ऐसे में प्लेट नंबर 2 में उसी स्थान पर एफओबी का पिलर स्थापित किया जाएगा। बताया जा रहा है कि नए एफओबी में लिफ्ट की सुविधा होगी। ताकि दिव्यांग, बुजुर्ग सहित अन्य शरीरिक रूप से असक्षम यात्रियों को एक प्लेट फार्म से दूसरे प्लेट फार्म में लाने ले जाने में सुविधा हो। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशन में नया फूट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों ने प्लेटफार्म नंबर 1 व 2 का दूसरी बार निरीक्षण कर नापजोख किया।

---

## एलुमनी मीट में शामिल हुए शहर विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पीएम स्कूल नवोदय विद्यालय के एलुमनी मीट कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक रायगढ़ ओपी चौधरी विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु भूपदेवपुर स्कूल पहुंचे।

जहां स्कूली छात्रों एवं शिक्षकों ने विधायक का तिलक लगाकर भावभीना स्वागत किया जिसे देख ओपी चौधरी अभिभूत हो गए। छात्रों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए ओपी ने अपने जीवन से जुड़े संस्मरण साझा किए। शिक्षा को जीवन के बदलाब का माध्यम बताते हुए ओपी ने कहा स्कूली परीक्षाएं हमे व्यवहारिक जीवन की परीक्षाओं में भी सफल होना सिखाती है। स्कूली शिक्षा के जरिए जीवन से जुड़े बहुत से व्यवहारिक ज्ञान का अनुभव हासिल होता है। अनुशासन एवं परिश्रम का पाठ भी शिक्षा के जरिए ही मिलता है। जीवन के किसी भी लक्ष्य को सफलता पूर्वक हासिल करने के लिए शिक्षा को अनिवार्य बताया। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विधार्थियों द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत से अभिभूत होकर विधायक रायगढ़ सभी का आभार भी व्यक्त किया।

## मुआवजे की मांग को लेकर कोल साईडिंग पर प्रदर्शन

**रायगढ़।** एनटीपीसी तलाईपल्ली प्रोजेक्ट पर भू-स्थापितों ने अपने हक अधिकारों की मांगो को लेकर एक बार फिर एनटीपीसी की साइडिंग रेल की पटरी पर बैठ घंटो कोल साइडिंग के काम को प्रभावित कर नारेबाजी की। इस प्रदर्शन को समर्थन देने घरघोड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी अपने साथियों के साथ पंहुचे थे। इस आंदोलन में महिलाएं भी भारी तादाद में शामिल हुईं। प्रदर्शन कारियो का कहना है कि एनटीपीसी द्वारा प्रोजेक्ट को लेकर जो वायदे भू प्रभावितों से किए गए थे उन्हें पूरा नहीं किया गया। यही वजह की 30 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन किया गया है। एक बार फिर एनटीपीसी तिलाई पाली प्रभावित भू विस्थापितों ने 18 दिसंबर को हड़ताल कर रायकेरा रेलवे साइडिंग को प्रभावित किया जिससे शासन को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। इस दौरान हंगामा बढ़ता देख पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा जहां कंपनी प्रबंधन और प्रभावित के बीच इसी सप्ताह में आपसी सामांजस्य से प्रकरण का निराकरण करने पर सहमति बनी, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में 2 की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मंगलवार को चक्रधर नगर थाना क्षेत्र में घंटे भर के भीतर दो बड़े हादसे हुए हैं। पहली घटना रेगड़ा और गोवर्धनपुर के बीच बंजारी मंदिर के नजदीक हुई है, वहीं दूसरी दर्दनाक घटना पंचधारी केलो नदी के नजदीक ऐश्वर्यम कॉलोनी के सामने हुई है। पहली घटना में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है, तो वहीं दूसरी घटना में बाइक सवार दोनों युवक ने मौके पर दम तोड़ दिया है।

दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। मिली जानकारी के अनुसारए पहली घटना गोवर्धनपुर के पास हुई। जहां घटना में बाइक सवार युवक तेज गति से गोवर्धनपुर की ओर जा रहा था। तभी खेत की ओर से मिट्टी लेकर आ रहा ट्रैक्टर सड़क की ओर चढ़ रहा था। रफ्तार अधिक होने के कारण बाइक सवार युवक बाइक से नियंत्रण खो दिया और ट्रैक्टर से जा टकराया। घटनास्थल पर उपस्थित लोगों के मुताबिक घायल युवक गोवर्धनपुर का ही रहने वाला है। युवक के बारे में जानकारी प्राप्त नहीं हो पाई है। वहीं दूसरी घटना शहर से लगे पंचधारी के पास ऐश्वर्यम कॉलोनी के सामने हुई है। डंपर की ठोकर से बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि बाइक सवार युवकों को डंपर चालक ने जोरदार ठोकर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया है। सड़क निर्माण नहीं होने के कारण पहले से ही कॉलोनी वासी और आसपास के ग्रामीणों में आक्रोश था। जो घटना के बाद अब भड़क उठा है।

## भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप एसआई भर्ती रोकने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वर्ष 2018 में व्यापम द्वारा पुलिस उपनिरीक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती निकाली गई थी, जिसमें अब तक भर्ती नहीं हो सकी है। भी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद भी इसके परिणाम जारी नहीं किए गए हैं। अभ्यर्थियों द्वारा व्यापम सहित पुलिस मुख्यालय पर भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता व गड़बड़ी करने आरोप लगाते हुए इस भर्ती को निरस्त कर नए सिरे भर्ती के लिए विज्ञापन जारी करने की मांग की गई है। इस संबंध में पुलिस उपनिरीक्षक की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों ने बताया कि व्यापम द्वारा आयोजित सब इंस्पेक्टर भर्ती मुख्य लिखित परीक्षा 26, 27 एवं 29 मई 2023 को आयोजित किया गया, लेकिन इसका ना तो स्कोर कार्ड जारी किया और ना ही वर्गवार मेरिट सूची जारी की गई। जबकि व्यापम द्वारा परीक्षा निर्देश में परिणाम और मेरिट लिस्ट जारी करने का स्पष्ट उल्लेख किया गया था। इस भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता को दरकिनार करते हुए व्यापम और पुलिस मुख्यालय द्वारा आपस में नियमों को ताक पर रख कर खुलेआम परीक्षा परिणाम से छेड़छाड़ किया गया है, जिसकी वजह से जिससे योग्य अभ्यर्थी भी बाहर हो गये है। मुख्य लिखित परीक्षा के मॉडल उत्तर में जिन अभ्यर्थियों का दूसरे अभ्यर्थियों की तुलना में कम नंबर आ रहा था, उसका चयन हो गया है ।



**नियमों को किया दरकिनार**

अभ्यर्थियों ने बताया कि अभी तक हुई प्रारंभिक एवं मुख्य लिखित परीक्षा में उक्त भर्ती नियम का पालन नही किया गया है। प्रारंभिक लिखित परीक्षा में प्लाटून कमांडर पद में जिसमे महिलाओ को पात्रता नही थी, किंतु इसमें 1 हजार 843 महिलाओ की भर्ती की गई। जिसके कारण 1 हजार 843 पुरुष अभ्यर्थी या समान अंक वाले अधिक पुरुष अभ्यर्थी मुख्य लिखित परीक्षा में शामिल नही हो सके। इसी प्रकार विभागीय कर्मचारी एवं पूर्व सर्विसमेन के क्रमशः 5 फीसदी एवं 10 फीसदी नियम का पालन ना कर इन्हे भी मुख्य लिखित परीक्षा मे तथा अब शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल नही किया गया। मुख्य लिखित परीक्षा परिणाम में समान अंक एवं समान रैंक वाले अभ्यर्थियों को शामिल नही करके ऐसे अभ्यर्थियों को भी शारीरिक दक्षता परीक्षा से वंचित किया गया।

**उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थी को किया अनुतीर्ण**

एक अभ्यर्थी फिजिकल में पासिंग मार्क से भी 6 अंक अधिक प्राप्त कर 96 अंक हासिल किए। उसको फिर से कॉल करके बहला फुसला कर बुलाया गया और उसको दबाव पूर्वक उसका नंबर 84 करके उससे हस्ताक्षर करवा उसे फैल कर बाहर कर दिया गया। जो यह दर्शाता है कि यह सरकार अपनें लोगो का नंबर बढ़ा भी सकते है और योग्य लोगो को बाहर कर सकते है। इस प्रकार सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2018 एवं 2021 में खुलेआम सभी भर्ती नियम से खिलवाड़ कर धांधली गड़बड़यि एवं भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

## ओपी से मिले संविदाकर्मी

**रायगढ़।** संविदा कर्मचारियों ने नवनियुक्त विधायक ओपी चौधरी से मुलाकात कर कर नियमितीकरण की मांग को जमीनी स्तर पर उतराने की मांग की।

वहीं शासन से संविदा कर्मचारियों को राहत दिलाने की मांग की।संविदा कर्मचारियों ने बताया कि वे पिछले 5 साल कांग्रेस सरकार में ठग के शिकार हुए ऐसे में उन्हें भाजपा सरकार से नियमितीकरण करने की उम्मीद है। बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र में भी कर्मचारी हित की बात कही है साथ ही साथ संविदा कर्मचारियों के हड़ताल के दौरान बीजेपी के सभी वरिष्ठ नेता जिसमें भूतपूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और वर्तमान उपमुख्यमंत्री अरुण साव, नारायण चंदेल सहित ओपी चौधरी ने भी संविदा कर्मचारियों के हड़ताल में उनके मंच में पहुंचे थे और नियमितीकरण का वादा किया था! रायगढ़ के समस्त संविदा कर्मचारियों को ओपी चौधरी पर होने की बात कही। उक्त कार्यक्रम में सैंकड़ों कर्मचारी ने हिस्सा लिया और नियमितीकरण की आवाज को बुलंद करने में अपनी ताकत दिखाई।

## मिलुपारा से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ, बता रहे सफलता की कहानी

**तमनार।** जनपद तमनार के ग्राम पंचायत मिलूपारा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीणजनो का भारी उत्साह देखा जा रहा है। केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का विभिन्न विभागों द्वारा जानकारी के साथ लाभ लेने प्रेरित किया जा रहा है। जागरूकता रथ में प्रोजेक्टर में माध्यम से योजनाओ की जानकारी दी जा रही है। विभिन्न योजनाओ के हितग्राहियो ने उनके सफलता पर मेरी कहानी मेरी जुबानी बताए।

सर्वप्रथम भारतमाता महात्मा गांधी की पूजा अर्चना कर स्वच्छता शपथ लिया गया। जनपद सीईओ वीरेंद्र सिंह राय ने स्वागत उद्बोधन देते पूर्व विधायक सुनीति राठिया, डीडीसी रोहिणी बसंत राठिया, पूर्व डीडीसी अरुण कुमार रायएबंशी धर चौधरी, बीडीसी जागेश सिंह सिदार, सरपंच कलावती सिदार, उप सरपंच उद्धव भगत, सीताराम चौधरी, कीर्ति सिदार, बजरंग सिदार, चितरंजन सिदार, बहादुर सिदार पत्रकार दुलेंद्र पटेल, प्रताप बेहरा अन्य अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया।




**सभी विकासखंडों में मिल रहा लाभ**

**रायगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार की पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को उनके गांव तक मिलने लगा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ रायगढ़ जिले में भी हो गया है। जिसके तहत आज लैलूंगा के रूपडेगा एवं घटगांव में तथा तमनार के लालपूर, मिलूपारा, हिंझर एवं खम्हरिया गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार की विभिन्न 17 योजनाओं के संबंध में लोगों को जानकारी दी गई। सुबह 11 बजे से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआए जो देर शाम तक चली। इस अवसर पर विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे जहां बड़ी संख्या में ग्रामवासियों को इसका लाभ मिला। यहां उपस्थित ग्रामवासियों ने अपनी जुबानी इस कार्यक्रम को बेहतर बताया। इस यात्रा में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जीवन ज्योति बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, हर घर जल जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित सिकलसेल, एनीमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य आवासीय विद्यालय में पंजीयन, छात्रवृत्ति योजना, वन अधिकार पट्टा, व्यक्तिगत एवं सामूहिक वन धन विकास केन्द्र आदि योजनाओं के हितग्राही संकल्प यात्रा में शामिल कर अनुभव साझा करेंगे।

## वर्षों से बेच रहे धान, कैरी फारवर्ड में गायब नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरमजयगढ़

इस वर्ष धान खरीदी से पूर्व पंजीकृत किसानों के पंजीयन को केरी फारवर्ड कर नामिनी का भी नाम जोड़ा गया।इस दौरान धरमजयगढ़ क्षेत्र के दर्जनों किसानों का पंजीयन केरी फारवर्ड नही हुआ है। केरी फारवर्ड नही होने से किसान दर दर की ठोकरें खाने मजबूर हैं। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति प्रबंधक से लेकर कलेक्टर तक किसान दौड़ रहे हैं लेकिन समस्या का हल कहीं नहीं हो रहा है। इस विषय को लेकर पिछले सप्ताह मंगलवार को शाहपुर के किसान रोहित कुमार पटेल पटवारी हल्का नंबर 34 अपनी समस्या को लेकर कलेक्टर जन दर्शन में पहुंचकर कलेक्टर को अपनी समस्या से अवगत कराया लेकिन अभी तक समस्या का कोई हल नहीं निकला है।



